E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com
☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.ई. / 409 / 2025 दिनांक : 26 / 04 / 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

विषयः सत्र 2024–25 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के संस्थागत / व्यक्तिगत छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / सी0ओ0ई0 / 164 / 2025 दिनांक 08.03.2025 व सी0एस0जे0एम0 वि0वि0 / सी0ओ0ई0 / 321 / 2025 दिनांक 05.04.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें सत्र 2024–25 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के संस्थागत व व्यक्तिगत छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 15.04.2025 निर्धारित की गयी थी। उक्त के क्रम में विभिन्न महाविद्यालयों एवं छात्र / छात्राओं के अनुरोध पर सत्र 2024–25 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व एवं बैक पेपर के अर्ह छात्र / छात्राओं के **ऑन–लाइन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 30.04.2025 तक अन्तिम रूप से पुनः विस्तारित की जाती है।** इसके अतिरिक्त निम्नानुसार छात्र / छात्राओं को भी परीक्षा फार्म पूरित कराए जाने की अनुमति दी गयी हैः–

1. सत्र 2019 से 2024 तक के स्नातक स्तर के द्वितीय व तृतीय वर्ष के ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें जो 01 प्रश्नपत्र में अनुपस्थित व अनुत्तीर्ण हो ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें सम्बन्धित विषय में बैक पेपर का फार्म पूरित कर सकते है।
2. सत्र 2021 से 2024 तक के परास्नातक स्तर के द्वितीय वर्ष के ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें जो 01 प्रश्नपत्र में अनुपस्थित व अनुत्तीर्ण हो ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें सम्बन्धित विषय में बैक पेपर का फार्म पूरित कर सकते है।
3. स्नातक स्तर के वर्ष 2019 से 2024 के मध्य के प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा लेफ्ट ओवर प्रैक्टिकल के ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें जो प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के 01 अथवा 02 प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण व अनुपस्थित है। ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के लेफ्ट ओवर प्रैक्टिकल की परीक्षा का फार्म पूरित कर सकते है।
4. परास्नातक स्तर के वर्ष 2021 से 2024 के मध्य के प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा लेफ्ट ओवर प्रैक्टिकल के ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें जो प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के 01 अथवा 02 प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण व अनुपस्थित है। ऐसे अर्ह छात्र / छात्रायें प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के लेफ्ट ओवर प्रैक्टिकल की परीक्षा का फार्म पूरित कर सकते है।

अतः सभी महाविद्यालय अपने स्तर से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को उक्त से अवगत कराने के साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक
Vijay

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित :–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेशित।
2. वैय0 सहायक कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0 सेल।
4. प्रभारी, कोडिंग।
5. मीडिया प्रभारी।
6. गार्ड फाइल।

26/04/2025

(राकेश कुमार मिश्रा)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)
Vijay